उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 20.07.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र व कारतूस की बरामदगी करते हुये 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में आज दिनांक- 20.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा गठित की गयी उ0नि0 देवीशंकर मिश्र मय हमराह उ0नि0 रामबाबू यादव व हे.कां. दिनेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र अन्तर्गत घुटई अण्डर ग्राउण्ड ब्रिज के पास से अवैध शस्त्र व कारतूस लिये 01 नफर अभियुक्त प्रशान्त कुमार पुत्र देवसिंह उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम रजौनी थाना महोबकंठ जिला महोबा को पुलिस हिरासत में लिया जिसके कब्जे से एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 117/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित करते हुये अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 देवीशंकर मिश्रा
2. उ0नि0 रामबाबू यादव
3. हे0का0 दिनेश कुमार

गिरफ्तार अभियुक्त-

प्रशान्त कुमार पुत्र देवसिंह उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम रजौनी थाना महोबकंठ जनपद महोबा

बरामदगी- 01 अदद देशी तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद

महोबा पुलिस

एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद